हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 सितंबर 2026

04 त्याग आज किया है उसे बताने का त्याग करें, आत्म संतोष मिलेगा...



07 तुलसी सरोवर पर जलविहार घाट और बोट क्लब का हुआ शुभारंभ



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

## समाचार संक्षेप

### गुना में 19 सितंबर को भव्य श्री राधाष्टमी महामहोत्सव

**गुना।** लाड़ली श्री राधा सेवा समिति, गुना द्वारा वर्ष 2025 से प्रतिवर्ष जयस्तंभ चौराहा पर आयोजित किए जा रहे श्री राधाष्टमी महामहोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से किया जाएगा। शनिवार, 19 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले इस पावन समारोह की शुरुआत शाम 7 बजे भव्य रासलीला से होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे श्री राधारानी की महाआरती की जाएगी। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से आशु अग्रवाल ने बताया कि श्री राधारानी की महाआरती को और अधिक दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए श्रद्धालुओं से अपने घर पर 11, 21 अथवा 51 घी के आटे के दीपक बनाकर साथ लाने का आग्रह किया गया है। महाआरती के दौरान इन दीपकों से भक्तिमय वातावरण को और विशेष स्वरूप दिया जाएगा। समिति की ओर से धर्मप्रेमी बंधुओं एवं मातृशक्ति से अपील की गई है कि वे परिवार सहित जयस्तंभ चौराहा पहुंचकर श्री राधारानी के जन्मोत्सव में सहभागी बनें। श्रद्धालु अपने साथ दीपक लेकर आएं और महाआरती में श्रद्धापूर्वक शामिल होकर इस भव्य आयोजन को यादगार बनाएं।

### प्रजापति समाज ने किया शिक्षक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह



**गुना।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ, जिला गुना द्वारा रविवार, 13 सितंबर 2026 को श्री हनुमान टेकरी मंदिर प्रांगण में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुना सहित मधुसूदनगढ़, कुंभराज, राघौगढ़, बीनागंज, चाचौड़ा, बमोरी एवं आरोन से करीब 150 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि जिला खनिज अधिकारी विजय चक्रवर्ती रहे। कार्यक्रम में महासंघ के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने शिक्षकों का सम्मान किया। शिक्षकों एवं समाज की मातृशक्ति ने समाज के उत्थान, शिक्षा और संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार साझा किए। महासंघ ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य के सामाजिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

### गीता स्वाध्याय में नई पीढ़ी को संस्कार देने पर जोर



**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय कार्यक्रम श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के संरक्षक सदस्य संत कैलाश गिरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक परिवार को प्रतिदिन गीता का एक श्लोक और रामायण का एक दोहा अवश्य पढ़ना चाहिए। इससे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में गीता पूजन, गणेश वंदना, गौरी वंदना एवं गुरु वंदना के साथ रामायण की चौपाइयों और गीता महात्म्य का वाचन किया गया। पंडित अंकित पाण्डेय ने गीता के दसवें अध्याय के श्लोक 22 से 33 तक का स्वाध्याय कराया, जबकि जशवंत सिंह रघुवंशी, अभिभाषक ने श्लोकों की व्याख्या की।

# पारिवारिक प्रताड़ना से तंग आकर मजदूर ने गटका एसिड

## इलाज के दौरान मौत, पत्नी ने लगाए सास-देवर सहित 4 पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम कॉलोनी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां गृह क्लेश और परिजनों की लगातार प्रताडऩा से व्यथित होकर 40 वर्षीय मजदूर ने खौफनाक कदम उठा लिया। मृतक ने घर में रखी एसिड की बोतल से रसायन पी लिया, जिसके बाद उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सामने आए सुसाइड नोट और पत्नी के आरोपों ने पुलिसिया जांच की दिशा बदल दी है।

### मकान के कमरे में किराएदार रखने को लेकर गहराया था विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीराम कॉलोनी निवासी हरदीप लोधी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते उसने अपने मकान का एक कमरा किराए पर दे दिया था, ताकि घर का खर्च सुचारू रूप से चल सके। लेकिन यही फैसला उसके लिए मुसीबत बन गया। मृतक की पत्नी और बेटी ने बताया कि सास, देवर और देवरानी उस पर लगातार कमरे से किराएदार को निकालने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर मानसिक



रूप से बुरी तरह प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे हरदीप गहरे तनाव में था। सोमवार शाम करीब 6 बजे जब मानसिक प्रताडऩा सहनशक्ति से बाहर हो गई, तो हरदीप ने घर में रखा तेजाब पी लिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर जब हालत बिगडऩे लगी, तो परिजनों की कथित बेरुखी के बीच पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि करीब 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया।

### अंतिम पत्र में बयां की दास्तान जांच में जुटी पुलिस

घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद होने की बात सामने आई है। इस पत्र में मृतक ने स्पष्ट रूप से लिखा— राजाबेटी लोधी, मंगल लोधी, निखिल लोधी, अंजना लोधी, इनके चक्कर में मर रहा हूं।

परिजनों का दावा है कि ये नाम उसकी सास, देवर और देवरानी के हैं, जो लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। फिलहाल, सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हस्तलेख परीक्षण, सुसाइड नोट की प्रामाणिकता और परिजनों के बयानों के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन विवाद सुलझाने बैठी पंचायत में खूनी जंग, गुर्जर और बंजारा पक्ष के बीच चले पत्थर-कुल्हाड़ी

### दोनों ओर से महिलाएं-बुजुर्ग समेत एक दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र की सानई चौकी अंतर्गत ग्राम जोगीपुरा में 25 साल पुराने जमीन विवाद के निराकरण के लिए जुटी पंचायत अचानक जंग के मैदान में तब्दील हो गई। पंचों और गवाहों की मौजूदगी में ही दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे, पत्थर और कुल्हाड़ी चले। इस हिंसक वारदात में दोनों पक्षों के बुजुर्ग और महिलाओं समेत करीब 11 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृगवास थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की परस्पर विरोधी शिकायतों पर क्रास कायमी कर जांच शुरू कर दी है।

### गवाही के दौरान भड़का विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जोगीपुरा में 3 बीघा जमीन के पुराने लेन-देन को लेकर विवाद सुलझाने के लिए कड्डा वाली वडली और खेत की मेढ़ पर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के लोग, ग्रामीण और मध्यस्थता के लिए गवाह भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान जैसे ही 25 साल पूर्व हुए पैसों के लेन-देन को लेकर गवाहों ने अपनी बात रखी, वैसे ही बात बिगड़ गई और दोनों पक्षों में तीखी बहस होने लगी। बहस के बाद पहला पक्ष आक्रोशित हो उठा। रामचंद्र गुर्जर पक्ष का आरोप है कि मन्ना बंजारा, घासी, सोजी और उनके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए पत्थरों से हमला बोल दिया। इस हमले में रामचंद्र, उनके भाई रामप्रसाद, अंतरसिंह, पिता फूलसिंह और देवलाल को गंभीर चोटें आईं।

वहीं दूसरे पक्ष से प्रताप बंजारा ने आरोप लगाया कि पंचायत में बात न बनने पर गुर्जर पक्ष के लोग आपा खो बैठे। रामचंद्र, रामप्रसाद, फूलसिंह और उनके साथियों ने कुल्हाड़ी की मुदाल और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में प्रताप बंजारा, बापूलाल, सोजीराम के अलावा बीच-बचाव करने आई परिवार की महिलाएं ममता बाई और साबू बाई भी घायल हो गईं। पुलिस ने क्रास मामला दर्ज किया है।


# पुरानी रंजिश में आधी रात बोला धावा, 25 हमलावरों ने घर में घुसकर की मारपीट

## लंबे समय से चला आ रहा था विवाद, बाइक और चारे में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के जामनेर थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपुरा में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। दो पक्षों में जारी आपसी विवाद ने तडक़े हिंसक रूप ले लिया, जब दूसरे पक्ष के करीब 20-25 लोगों ने ग्रामीण के घर पर धावा बोलकर जमकर उपद्रव मचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम महुआपुरा निवासी अवध गुर्जर का निकटतम गांव के कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। इसी रंजिश के चलते बीती रात एक दर्जन से अधिक नकाबपोश व हथियारबंद उपद्रवियों ने फरियादी के मकान पर हमला कर दिया। हमलावरों ने न केवल गृहस्थी के सामान में तोडफ़ोड़ की और



परिजनों के साथ मारपीट की, बल्कि प्रांगण में खड़ी मोटरसाइकिल, मवेशियों के चारे (घास-फूस) और अन्य सामग्री को आग के हवाले कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही जामनेर थाना पुलिस की टीम ने देर रात ही मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और स्थिति को संभाला। आगजनी और तोडफ़ोड़ से पीड़ित परिवार में भारी दहशत है। वर्तमान में फरियादी पक्ष पुलिस थाने में डटा हुआ है और सभी उपद्रवियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### दामाद व भाई को बंधक बनाकर डंडों से पीटा

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम झूकरा में बहू के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने पर ससुर का गुस्सा दामाद पर फूट पड़ा। ससुर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दामाद और उसके भाई के हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दे डाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान के झालावाड़ जिले के माना निवासी विशाल भील की पत्नी की भाभी (ससुर भारत सिंह भील की बहू शिवानी) बीनागंज जाने के बाद से लापता हो गई थी। ससुर भारत सिंह को संदेह था कि दामाद विशाल ही उसकी बहू को लेकर गया है और उसे गायब किया है। इसी शंका में गत सुबह ससुर भारत सिंह, बोट सिंह भील और राकेश भील ने दामाद विशाल व उसके फुफेरे भाई रवि को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया। पीड़ितों द्वारा गिड़गिड़ाने के बावजूद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से उनकी जमकर धुनाई कर दी।

## तीन दिन पहले दी शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई

**गुना।** जिले के बमोरी तहसील के ग्राम खुटयारी के ग्रामीणों ने गांव में पसरी गंदगी, जर्जर रास्तों और नाली निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण कराने की गुहार लगाई है। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण चुंदेल, राजू, भरेराज और कालराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पूर्व भी गांव की मूलभूत समस्याओं को लेकर आवेदन दिया था, लेकिन आज दिनांक तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में दुरुस्त सी.सी. रोड और खरंजा न होने से आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। वहीं नालियों का निर्माण न होने से जगह-जगह गंदा पानी और कचरा जमा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों को पंचायत सचिव द्वारा बिना किसी जांच या जमीनी कार्य के जबरन बंद करा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त गांव के शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवॉल में गेट न होने के कारण प्रांगण में असामाजिक तत्व और मवेशी गंदगी फैलाते हैं।

### नगर पालिका में हुई श्रीगणेश की स्थापना

## इको-फ्रेंडली झांकियों और अमानक पॉलीथिन मुक्त उत्सव का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर पालिका प्रांगण स्थित शिव मंदिर में गणेश उत्सव के अवसर पर नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विधि-विधान से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजन-अर्चना कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सीएमओ शैलेश अवस्थी, पार्षद राजू ओझा, एल्डरमैन वंदना राठौर, शिवनारायण कुशवाह, राजेश साहू, कार्यालय अधीक्षक राजेश शर्मा तथा नितिन चंदेल उपस्थित रहे। स्थापना के दौरान नपा द्वारा नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल झांकियां लगाने का संदेश दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने कहा कि पंडालों में प्लास्टिक का उपयोग न करें और प्रसादी वितरण में केवल कागज के दोने इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि अमानक पॉलीथिन के क्रय-विक्रय पर नपा सतत निगरानी रखकर चालानी कार्रवाई कर रही है। शहरवासियों से बायोडिग्रेडेबल पॉलीथिन अपनाने की अपील की गई।

इसी क्रम में नपा की सहयोगी संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत सरस्वती शिशु मंदिर (पुरानी छावनी, वार्ड 07) में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की गई। विद्यार्थियों को गीला-सूखा कचरा अलग रखने, 4-बिन व्यवस्था अपनाने और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने हेतु केवल इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ गुना बनाने और स्वच्छता नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

### अग्निशमन कर्मियों के सम्मान के साथ स्टील की बोतलों का वितरण

## जेसीआई गुना पायोनियर ने किया 'मौन सितारों' का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जेसीआई सप्ताह 2026 के अंतर्गत जेसीआई गुना पायोनियर द्वारा जेसीआई राष्ट्रीय स्तर के विशेष एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम 'साइलेंट स्टार' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुना के अग्निशमन दल एवं फायर ब्रिगेड के कर्मियों का सम्मान कर उनके समर्पण, साहस एवं सेवाभाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। संस्था के उपाध्यक्ष अनुज कु. जैन ने बताया कि 'साइलेंट स्टार' कार्यक्रम ऐसे कर्मवीरों को समर्पित है, जो बिना किसी प्रसिद्धि या दिखावे के दिन-रात अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं। होली हो या दीपावली, दिन हो या रात— जब भी समाज को उनकी आवश्यकता होती है, वे अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसे कर्मठ एवं समर्पित लोगों का सम्मान करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी भावना के साथ जेसीआई गुना पायोनियर द्वारा अग्निशमन कर्मियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सम्मानित सभी कर्मियों को स्टील की बोतलें भी वितरित की गईं। संस्था के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर स्टील की बोतलों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. गौरव जैन, सचिव रविंद्र रघुवंशी, कोषाध्यक्ष निकित जैन, महिला शाखा की अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, महिला शाखा की सचिव निकिता अग्रवाल एवं जेसीआई सप्ताह के संयोजक सीए चित्रांक अग्रवाल की उपस्थिति रही।

### 'ढाबे का जहरीला-बदबूदार पानी सड़क पर बहाने से कॉलोनी में फैली बीमारियां'

# जनसुनवाई पहुंचे रहवासियों ने सील करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

एबी रोड स्थित कस्तूरबा नगर के पास संचालित डी टू ढाबा के संचालक द्वारा सड़क पर गंदा व बदबूदार पानी बहाए जाने से परेशान फुलवारी कॉलोनी के रहवासी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। मोहल्ला सुधार समिति के बैनर तले नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ढाबा संचालक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने और ढाबे को तत्काल सील करने की मांग की है। मोहल्ला सुधार समिति वार्ड क्र. 20 के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर के नेतृत्व में पहुंचे रहवासियों ने बताया कि नवनिर्मित सडक़ पर ढाबे का गंदा पानी पाइप डालकर खुलेआम बहाया जा रहा है। इस दूषित और बदबूदार पानी के जमाव से कॉलोनी में महामारी जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। गंदगी के कारण कई नागरिक उल्टी-दस्त, सिरदर्द, बुखार और हाथ-पैरों में जकडऩ जैसी बीमारियों से ग्रसित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

रहवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि ढाबा संचालक द्वारा कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर कचरा वाहन खड़ा कर भी भारी प्रदूषण फैलाया



जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर पालिका, खाद्य विभाग और स्वास्थ्य विभाग से ढाबे को तत्काल बंद कराने और नागरिकों को इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई है।

### वन विभाग के अधिकारी पर मारपीट और जातिगत प्रताड़ना का आरोप

जनसुनवाई में बमोरी क्षेत्र के ग्राम जालमपुर से कई आदिवासी महिलाओं ने वन विभाग के अधिकारियों पर मारपीट, गाली-गलौज और घर का सामान तोडऩे के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पोपी बाई पति रामेश बारेला सहित अन्य ने कलेक्टर को आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। सौंपे गए आवेदन के अनुसार, पीड़िता अपनी देवरानी संगीता बाई और छोटे बच्चों के साथ खेत पर बैठी हुई थी। तभी रेंज विभाग खेरीखाता के अधिकारी, नाकेदार और दो चौकीदार वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पोपी बाई के साथ मारपीट करते हुए जातिगत सूचक शब्द कहे और अभद्र गालियां दीं। पीड़िता का कहना है कि जान बचाने के लिए जब वह बच्चों को लेकर भागी, तो आरोपी डंडा लेकर पीछे दौड़े और खेत पर रखा खाने-पीने का सामान तोड़-फोड़ कर फेंक दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बोई गई फसलों के बदले साठगांठ कर ली गई।

### विद्युत करंट से पति की मौत के बाद जनसुनवाई पहुंची पीड़िता

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुंभराज तहसील के ग्राम बिलांगा खेड़ी से एक पीड़ित परिवार अपनी व्यथा लेकर पहुंचा। विद्युत करंट की चपेट में आने से जान गंवाने वाले स्व. प्रदीप मीणा की पत्नी ओमवती मीणा ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने की मांग की है। सौंपे गए आवेदन में पीड़िता ओमवती ने बताया कि गत 8 जून 26 को उनके पति प्रदीप मीणा अमल्या गांव से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में विद्युत करंट लगने से उनकी अकास्मिक मौत हो गई थी।

## समाचार संक्षेप

### निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह



**आरोन।** नासिर राईन की माताजी के निधन का समाचार मिलने पर राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे और अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।विधायक जयवर्धन सिंह ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में विधायक प्रतिनिधि खुर्रम खान, रफीक राईन एडवोकेट, अनस राईन को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि माता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में वे शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। इस दौरान मेहरबान सिंह धाकड़ विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन, राम लला यादव, आबिद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### यूजीसी रोलबैक को लेकर राजपूत समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**आरोन।** यूजीसी रोलबैक की मांग को लेकर राजपूत समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 13 सितंबर 2026 को शाम 7 बजे सोलंकी कोचिंग सेंटर, आरोन में आयोजित की गई। बैठक में समाजबंधुओं ने UGC से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने शिक्षा एवं सामाजिक अधिकारों से जुड़े विषयों पर एकजुटता के साथ अपनी बात रखने पर जोर दिया। इस दौरान यूजीसी रोलबैक की मांग को लेकर आगामी गतिविधियों, जनजागरूकता अभियान तथा समाज की सक्रिय सहभागिता को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में समाज के युवाओं के साथ वरिष्ठजनों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उपस्थित समाजबंधुओं ने समाजहित से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### यूएनएफपीए द्वारा अंतरा-एससी पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**गुना।** परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यूएनएफपीए द्वारा गुना जिले में अंतरा-एससी पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अंतरा-एससी एक सब-क्यूटेनियस इंजेक्टेबल गर्भनिरोधक साधन है, जो अनचाहे गर्भधारण से बचाव के लिए प्रभावी एवं सुविधाजनक विकल्प प्रदान करता है।

### राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला में विशाल धर्मसभा

# त्याग आज किया है उसे बताने का त्याग करें, आत्म संतोष मिलेगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



युग दृष्टा इस सदी के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महा तपस्वी, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में राघौगढ़ में विशाल धर्म सभा में एक रुपए की पांच चवन्नी बनाना विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा जैन समाज के बारे में कहा जाता है कि एक रुपए की पांच चवन्नी बनाना बनिया गिरी है। आपने कहा आप अपना हित इसमें देखते हो कि हमें कैसे लाभ प्राप्त हो। आपको यह सिखाना है कि धार्मिक दुकान में आत्म कल्याण की कमाई कैसे हो। मुनिराज ने कहा दुनिया में अनेक प्रकार के लोग होते हैं। पहले वे होते हैं जिनके पास कुछ नहीं है और भी कुछ दान करते भी नहीं है। दूसरे वे हैं जिनके पास पैसा खूब है। उनको हम ऐसे गरीब कह सकते हैं कि जिनके पास पैसे के अलावा कुछ नहीं है। तीसरे प्रकार के वे लोग होते हैं जिन्हें नाम का मात्र भी दान नहीं करना और ख्याति पूरी चाहिए। इसका उदाहरण देते हुए आपने कहा एक सेठ जी ने मंदिर प्रांगण में कुआ निर्माण के लिए आधी ईट दान दी। जब उनके समाधि आए तो उनसे कहा इस कुएं के निर्माण में हमने आधी ईटें दान दी हैं। चीन में 28 ग्राम सोने से 50 किलोमीटर लंबा इतना पतला तार बनाया जो मकड़ी के जाल से भी पतला था। उसे पतले तार पर जापान ने छेद बना दिया। हम भारतीयों की स्थिति यह है कि हमने उस पतले तार की पैकिंग पर मेड इन इंडिया लिख दिया।

आपने प्रवचन करते हुए कहा चौथे प्रकार के वह व्यक्ति होते हैं जो दान जी भर कर देते हैं। मगर दान ख्याति लाभ के लिए नहीं देते हैं। आपने दिल्ली के लाला हरसुख लाल जी का उदाहरण देते हुए कहा उन्होंने सन 1860 में चांदनी चौक पर विशाल जैन लाल मंदिर का निर्माण कराया। उस मंदिर की सीढ़ियां आम लोगों से दान लेकर बनाई और बाद में समाज से कह दिया कि इस मंदिर में मेरा कुछ नहीं है यह मंदिर समाज का है। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने आगे कहा आप जो गुप्त दान करते हो वह एक न एक दिन अवश्य उजागर हो जाता है। काव्य में व्याख्या करते हुए कहा-कब तक छुपी रहेगी अमियां पत्तों की आड़ में एक दिन बिकने आएगी बाजार में। प्रेरणा देते हुए कहा त्याग के प्रचार का भी त्याग करें। प्रवचन के समापन में मुनिराज ने आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज को समर्पित कविता सुनाई है वेहिसाब दम अपने पास जो दौलत है वह सब गुरुदेव की बदौलत है। जैन समाज राघौगढ़ के कार्यक्रम संयोजक एवं मंच संचालक विकास कुमार जैन ने जानकारी दी।

## ग्राम भारती शिक्षण समिति की जिला समिति एवं प्रधानाचार्य बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

ग्राम भारती शिक्षण समिति जिला राघौगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पैंची में जिला समिति एवं प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक दांगी, प्रांत प्रमुख चंद्रहंस पाठक, प्रांत समिति सदस्य इंदर सिंह परमार, जिला राघौगढ़ समिति अध्यक्ष गोविंद पालीवाल सहित समिति पदाधिकारी, सदस्य एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना एवं तैयारियों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इसके अलावा निबंध लेखन प्रतियोगिता, व्यसन मुक्ति पखवाड़ा सहित विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी पखवाड़ों के आयोजन पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने विद्यालयों में इन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्यों एवं विद्यालयों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए।

# सड़क पर गोबर और चारा डालने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कुछ लोगों द्वारा गाय-भैंसों का गोबर, चारा एवं भूसा बीच सड़क पर डालने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में शिकायत नगर परिषद के सीएमओ लीलाधर सेन तक पहुंची, जिसके बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीएमओ सेन ने सफाई दरोगा अशोक साहू, वार्ड प्रभारी राहुल मालवीय, मेट शिवनारायण, विक्रम एवं राकेश को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में जहां भी सड़क पर गोबर, चारा या भूसा पड़ा हुआ मिले, वहां तत्काल सफाई कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखना केवल नगर परिषद की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

# बाबा रामदेव की शोभायात्रा, विधायक जयवर्धन सिंह हुए शामिल, समाजजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



भाद्रपद शुक्ल द्वितीया 'बाबारी बीज' के पावन अवसर पर रविवार, 13 सितंबर को श्री रामदेव बाबा सेवा समिति एवं समस्त नायक (बंजारा) समाज के तत्वावधान में लोकदेवता बाबा रामदेव जी महाराज के प्राकट्य उत्सव पर भव्य शोभायात्रा एवं चल समारोह निकाला गया।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, नगरवासी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने बाबा रामदेव जी की पूजा-अर्चना कर महाआरती में भाग लिया तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। इस दौरान नायक (बंजारा) समाज के लोगों ने विधायक जयवर्धन सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जयवर्धन सिंह ने बाबा रामदेव जी के प्राकट्य उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा रामदेव जी की भक्ति समाज को सेवा, भाईचारे, समानता और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

### दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रीकाल में मिली थी मंदिर के लिए भूमि

विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रीकाल में आरोन में श्री रामदेव जी मंदिर निर्माण के लिए शासन द्वारा लगभग 5,000 वर्गफुट भूमि आवंटित की गई थी। इसी भूमि पर अब मंदिर निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। बाबा रामदेव जी के प्राकट्य उत्सव पर आयोजित इस भव्य आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया।

### बीएमओ के खिलाफ जांच की मांग

# एक ही मेडिकल से दवाइयों की खरीदी और सरकारी समय में निजी मरीजों को देखने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदेरी में पदस्थ बीएमओ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 13 के वर्तमान पार्षद सीताराम अहिरवार ने सीईओ जनपद पंचायत को आवेदन सौंपा है। आवेदन में दवाइयों की खरीदी में नियमों की अनदेखी, एक ही मेडिकल से बार-बार दवाइयां प्राप्त करने तथा संस्था विशेष को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीएमओ द्वारा शासकीय कार्य एवं दवा खरीदी की प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सरकारी ड्यूटी के समय निजी मरीजों के पर्चे लिखे जाने तथा निजी चिकित्सा कार्य किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### दवा खरीदी के दस्तावेजों की जांच की मांग

शिकायत में मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए आवेदन में पांच बिंदुओं पर जांच की मांग रखी गई है। संबंधित अवधि में खरीदी गई दवाइयों की निविदा/कोटेशन,बिल, वाउचर एवं भुगतान अभिलेखों की जांच। किन- किन मेडिकल फर्मों से दवाइयां खरीदी गईं और किसी एक फर्म को सामान्य से अधिक भुगतान तो नहीं किया गया, इसकी जांच। संबंधित मेडिकल फर्म एवं बीएमओ के बीच किसी प्रकार के हित-संबंध या अनुचित लाभ का संबंध है अथवा नहीं, इसकी जांच। ड्यूटी समय में निजी मरीजों के पर्चे लिखने संबंधी शिकायतों की जांच की जाए। शिकायतकर्ता सीताराम अहिरवार ने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतंत्र अधिकारी से जांच कराई जाए।

# पीएम श्री क्रमांक 04 में मिट्टी के गणेश प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पी एम श्री विद्यालय क्रमांक 04 अशोकनगर में विद्यार्थियों के हस्त कौशलों को प्रोत्साहित करने और उत्साहवर्धन के लिए मिट्टी के गणेश प्रतियोगिता आयोजित की गई। 27 विद्यार्थियों ने अपने हाथों से मिट्टी के गणेश बनाए,जिनमें से 5 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान शिक्षक शिवकुमार शर्मा ने मिट्टी की प्रतिमा और पी ओ पी की प्रतिमाओं में अंतर बताते हुए कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण का संरक्षण करती है तथा हमारी धार्मिक भावनाओं का सम्मान भी होता है। मिट्टी की प्रतिमा हमे प्रकृति से जोड़ती है। शिक्षक ऋषभ जैन ने भगवान के गणेश के जीवन पर प्रकाश डाला।

प्रधान अध्यापक गायत्री पंत ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में सफल होना है तो भगवान गणेश के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता कहा गया है। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरण किया गया।

### त्यौहारों के मद्देनजर मुंगावली में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**मुंगावली।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए मुंगावली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। इसी क्रम में शहर के मुख्य मार्गों पर सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थी चैराहा एवं चंदेरी रोड तिराहे पर बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।यह प्रतिबंध सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा ताकि त्यौहारी सीजन में आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि प्रतिबंध के बावजूद आदेश का उल्लंघन कर शहर के अंदर प्रवेश करने वाले एक डंपर पर पुलिस द्वारा 5,000 का चालानी एक्शन लिया गया।

# यातायात पुलिस ने की 20 स्कूली वाहनों की जांच, की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा एवं सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस अशोकनगर द्वारा मंगलवार को स्कूल बस, मैजिक एवं अन्य स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 20 स्कूली वाहनों की जांच कर 5 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा वाहनों की फिटनेस, परमिट एवं अन्य वैधानिक दस्तावेज, हेडलाइट, टायर एवं तकनीकी सुरक्षा व्यवस्थाएं, पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, फस्ट एड बॉक्स एवं इमरजेंसी एग्जिट गेट आदि की जांच की गई। चेकिंग के दौरान अग्निशमन यंत्रों की स्थिति एवं वैधता का भी परीक्षण किया गया तथा वाहन संचालकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग के संबंध में आवश्यक समझाइश एवं प्रशिक्षण दिया गया।

जांच के दौरान 05 स्कूली वाहनों में सुरक्षा एवं तकनीकी कमियां पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से खराब टायर, अग्निशमन यंत्र की वैधता समाप्त होना तथा खराब हेडलाइट जैसी कमियां शामिल थीं। यातायात पुलिस द्वारा संबंधित वाहन संचालकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर कराकर ही उनका संचालन करें।

# जनसुनवाई में 192 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 192 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में रामनगर निवासी राज रामपाल द्वारा आम रास्ते खुलवाये जाने, ग्राम उमरी निवासी भागीरथ अहिरवार द्वारा पट्टा अमल कराए जाने, मुंगावली निवासी गुड्डी बाई द्वारा अवैध रूप से कब्जा हटवाए जाने, ग्राम शाहबाजपुर निवासी हककैया बंजारा द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, अशोकनगर निवासी राजाराम अहिरवार द्वारा गैस कनेक्शन दिलाए जाने, सलामतपुर निवासी बबलू खटीक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये, वार्ड क्रमांक 14 बब्लू कोरी द्वारा आवासीय पट्टा दिलाए जाने, मुंगावली निवासी रामप्यारी कोरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, तरावली निवासी कस्तूरी बाई द्वारा वृद्धावस्था स्वीकृत कराये जाने, तरावली निवासी नीलम रघुवंशी द्वारा केसीसी दिलाए जाने, सेमरी निवासी तोरण चिढार द्वारा घर गिरने पर मुआवजा दिलाये जाने,बरखेड़ा नई निवासी हरिशंकर ओझा द्वारा प्रधानमंत्री की आवास के लिए भूमि दिलाए जाने, नईसराय निवासी हेमराज जाटव द्वारा शौचालय की राशि दिलाए जाने, कचनार निवासी प्रभुलाल लोधी द्वारा पीएम विश्वकर्म योजना का लाभ दिलाए जाने, अशोकनगर निवासी अरविंद जोशी द्वारा विद्युत मीटर चेक करवाए जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

### जनपद सदस्यों के समर्थन में उतरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी



**मुंगावली।** मुंगावली जनपद पंचायत परिसर में पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे जनपद सदस्यों की जायज मांगों के समर्थन और क्षेत्रीय विकास कार्यों में हो रहे कथित भेदभाव के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुंगावली द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगावली को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि जनपद पंचायत मुंगावली के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग से आने वाले जनप्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर जनपद कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे हैं। बावजूद इसके प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी मांगों और समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से ज्ञापन सौंपते समय राव यादवेन्द्र सिंह यादव प्रदेश महासचिव, कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश, शोभा राम राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष, मुंगावली, जलील जमीदार जिला उपाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, राजकुमार नरवरिया जिला महासचिव, कांग्रेस कमेटी, गणेश सोनी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, उपस्थित रहे।

# क्षमा ऐसी कि हमारा अहंकार हो जाए उदार: श्रावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




श्वेतांबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के आठवें एवं अंतिम दिवस संवत्सरी महापर्व का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आत्मचिंतन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रावक श्री अनिल तेलरा ने संवत्सरी पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संवत्सरी केवल क्षमा मांगने का दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष के आत्मावलोकन, तप, संयम और आत्मशुद्धि का महापर्व है। उन्होंने कहा कि क्षमा ऐसी होनी चाहिए कि हमारा अहंकार उदार हो जाए और मन में किसी के प्रति बैर या कड़वाहट शेष न रहे।

उन्होंने कहा कि जैन धर्म में इस दिन 'मिच्छामी दुक्कड़म' के माध्यम से जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमायाचना की जाती है। इस अवसर पर जैन समाज का सार्वभौमिक क्षमा संदेश खामेमि सव्व जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे। मित्ती मे सव्व भूएसु, वेरं मज्झं न केणई। का स्मरण किया जाता है, जिसका भाव है कि मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूं, सभी जीव मुझे क्षमा करें। मेरी सभी जीवों से मैत्री है और किसी से मेरा वैर नहीं है।

### तप, संयम और धर्म आराधना का रहा वातावरण

संवत्सरी के दिन समाजजनों ने अपनी-अपनी सामथ्र्य के अनुसार उपवास, एकासन, बियासन एवं अन्य तप-साधनाएं करते हुए धर्म आराधना की। पूरे दिन समाज में त्याग, तप, संयम और आत्मशुद्धि का वातावरण बना रहा। संवत्सरी पर्व पर जैन समाज के लोगों ने अपने सांसारिक एवं व्यापारिक कार्यों से विराम लेकर धर्म-ध्यान में समय व्यतीत किया। इस अवसर पर अंतगड़ दशांग सूत्र के वाचन एवं श्रवण की धार्मिक परंपरा का भी निर्वहन किया गया। सूत्र में महान साधकों एवं आत्माओं की तपस्या तथा मोक्ष प्राप्ति की प्रेरणादायी गाथाओं का वर्णन किया गया। प्रवचन के पश्चात चैत्य परिपाटी का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत श्री वासुपूज्य श्वेतांबर जैन श्री संघ के सदस्य श्री त्रिकाल चैबीसी दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। वहां सभी ने श्रद्धापूर्वक दर्शन कर अक्षत पूजन एवं चैत्यवंदन का पाठ किया तथा जिनेन्द्र भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### हुआ आत्मावलोकन

संवत्सरी के अवसर पर शाम को संवत्सरी प्रतिक्रमण श्रावक श्री ऋषभ जी रामशना द्वारा कराया गया। उन्होंने प्रतिक्रमण का अर्थ समझाते हुए कहा कि प्रतिक्रमण अर्थात अपनी आत्मा की ओर लौटना और अपनी भूलों का प्रायश्चित करते हुए उन्हें सुधारने का संकल्प लेना है। संवत्सरी प्रतिक्रमण में वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापों, गलतियों एवं मानसिक विकारों का आत्मावलोकन कर प्रायश्चित किया जाता है। इस दौरान विशेष कायोत्सर्ग एवं सूत्र पाठ किए गए।

**न्यायालय मयंक खेमरिया, तहसीलदार परगना चाँचौड़ा जिला गुना म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक/0001/अ-20(3)/2026-27/572**
**चाँचौड़ा दिनांक 15/09/2026**

वन परिक्षेत्राधिकारी गुना जिला गुना म.प्र.
..... आवेदक
विरूद्ध
म.प्र. शासन पटवारी ग्राम देदला तहसील चाँचौड़ा जिला गुना म.प्र. .....अनावेदक

**(विज्ञप्ति सूचना)**

जर्ये इस्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वन परिक्षेत्राधिकारी जिला गुना द्वारा ग्राम देदला स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 31/1 रकबा 9.4700 हे० भूमि आवंटन किये जाने बाबत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला गुना को प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय, (राजस्व) उपखण्ड चाँचौड़ा के माध्यम से विधिवत भूमि आवंटन की कार्यवाही के प्रस्ताव भेजने हेतु प्राप्त हुआ उपरोक्त भूमि के आबंटन के संबंध में यदि कोई अन्य व्यक्ति या पूर्त संस्था आवेदित भूमि का आवंटन चाहती है तो वह उद्घोषणा में उल्लेखित अंतिम तिथि तक प्ररूप-एक में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगी। ऐसी अन्य संस्था द्वारा प्रक्रिया शुल्क रुपए दस हजार शासकीय खजाने में परिशिष्ट "क" में उल्लेखित मद में जमा कर उसकी पावती की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएगी। प्रक्रिया शुल्क आवेदन के अमान्य होने की दशा में वापिस नहीं किया जाएगा और न ही मान्य होने की दशा में किसी देय राशि के विरूद्ध समायोजित किया जाएगा। अतः आवेदित संस्था को आबंटित किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण मे नियत दिनांक 22/09/2026 (जारी दिनांक से 07 दिवस) को या इसके पूर्व इस न्यायालय मे स्वंय या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

आज दिनांक 15/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**(मयंक खेमरिया)**
**तहसीलदार परगना चाँचौड़ा**
**जिला गुना म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमोदा टपरा निवासी छोटूराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके भाई गोलू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेजी निवासी रामकृष्ण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम, सौरभ, छोटू व आशा बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की जिससे उसके पेंट की जेब में रखा मोबाइल टूट गया।

### जुऐ के अड्डे पर छापामार कार्रवाई, 50हजार जब्त

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने छोटा जैन मंदिर के पास आईडिया टॉवर के कमरे मे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 50 हजार 800 रूपए नगद व ताश की गडडी बरामद की गई हैं। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें सुरेन्द्र राजा, पंकज सोनी, शशिकान्त शर्मा, भगतसिंह परमार, राजीव जैन, अभिषेक सेन, अब्दुल कलाम शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पिपनावदा और परासरी के बीच पिपरई रोड़ पर सड़क दुर्घटना में प्रतिपाल पुत्र संग्राम सिंह यादव उम्र 38 साल गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसके बाद उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### विश्वकर्मा जयंती पर शहर में निकाला जाएगा चल समारोह

**अशोकनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस शहर में भव्य चल समारोह के साथ बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। चल समारोह में भव्य झांकिया, ढोल-धमाके और संकीर्तन के साथ ओझा समाज रामजानकी मंदिर बजरिया मोहल्ला से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्ग शांतिनाथ मंदिर, चिंताहरण मंदिर, आरोन रोड़, विदिशा रोड़, गांधीपार्क, शनिदेव मंदिर से होता हुआ बरखेड़ी स्थित समाज की धर्मशाला पहुचेगा। जहाँ भगवान विश्वकर्मा जी की पूजन-अर्चना,आरती कर ,मंच कार्यक्रम व मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर मनाया जावेगा। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद के साथ होगा। सभी समाज बंधु,माताएं व बहिनें अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सहित पहुंचे।

### अवैध अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता कराया मुक्त

**चंदेरी।** अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) चंदेरी के समक्ष आयोजित जन सुनवाई में मोहल्ला वार्ड क्रमांक 11 के शिकायतकर्ता प्रकाश कुशवाहा एवं अन्य मोहल्लावासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई कि फूलबती लोधी पत्नी खिलन सिंह लोधी एवं शेरसिंह यादव पिता सरदार सिंह निवासी सतपैया द्वारा कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर आम रास्ते को बंद किया जा रहा है, जिससे मोहल्ला वासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चंदेरी मनीष धनगर द्वारा तत्काल नगर पालिका चंदेरी की टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर प्रकरण की जांच करने तथा पाए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में नगर पालिका द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट शिवसिंह कोरकू, राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र पुरोहित, राजस्व निरीक्षक आकाश मिश्रा एवं हल्का पटवारी मुकेश जाटव सहित संबंधित अमला उपस्थित रहा। नगर पालिका द्वारा मौके पर पाया गया अवैध अतिक्रमण हटाते हुए आम रास्ते को आवागमन के लिए मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान मोहल्ला वासियों को भी समझाइश दी गई कि शासकीय भूमि, सार्वजनिक रास्ते अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

### शहरवासियों को मिलेगा नौकायान का लाभ

# तुलसी सरोवर पर जलविहार घाट और बोट क्लब का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर के बीचों बीच बहने वाले तुलसी सरोवर को देखकर भोपाल की झील की याद आ जाती है, यहां कल कल करते हुए बहने वाला पानी और तालाब के जल में उठती लहरें एक नए आनंद की अनुभूति प्रदान करती हैं। अगर इस आनंद की अनुभूति के बीच नौकायन की सुविधा मिल जाए तो कहना ही क्या है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका ने तुलसी सरोवर पर मंगलवार को इस भव्य कार्य की शुरूआत की।

नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुंदर एवं मनोरंजन से भरपूर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल की गई है। मंगलवार को विमानों के चबूतरा स्थित स्थल पर जलविहार घाट एवं बोट क्लब का शुभारंभ किया गया। एक ओर तुलसी सरोवर है तो दूसरी ओर तुलसी पार्क है तीसरी और हनुमान जी का मंदिर है, यहां धर्म के साथ प्राकृतिक, पर्यावरण की दृष्टि से तुलसी सरोवर पार्क का आनंद तो मिलता ही है लेकिन तुलसी सरोवर के जल में अब नौकायान का आंनद भी मिल सकेगा। अशोकनगर शहर के लोग महा नगरों में जाकर या पर्यटन केन्द्रों पर पहंच कर इस तरह की सुविधा ले पाते थे। अब यह सुविधा उन्हें उनके ही शहर में प्राप्त हो सकेगी, हालांकि पूर्व में भी इस तरह के प्रयास हुए लेकिन वह प्रयास स्थायी नही रह पाए। लेकिन नगरपालिका ने भरोसा दिलाया है कि नौकायन की यह सुविधा लगातार जारी रहेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया पूर्व विधायक जजपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रताप भान यादव, रातीखेड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा सहित समस्त पार्षद गणो ने विधिवत शुभारंभ करते किया। शहरवासियों के लिए यह एक नया मनोरंजन एवं पर्यटन स्थल बनेगा। यहां नागरिक अपने परिवार और मित्रों के साथ प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने के साथ बोटिंग का भी आनंद ले सकेंगे। बोट क्लब के माध्यम से शहरवासियों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को मनोरंजन का नया विकल्प मिलेगा। जलविहार घाट के विकसित होने से क्षेत्र की सुंदरता में भी वृद्धि होगी तथा शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि अशोकनगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा लगातार विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जलविहार घाट एवं बोट क्लब इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगरवासियों ने इस नई सुविधा का स्वागत करते हुए इसे शहर के लिए एक सुखद और आकर्षक सौगात बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, पार्षद प्रमेन्द्र तायडे, पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी, पार्षद डॉक्टर जयमंडल यादव, पार्षद आशुतोष देवलिया, पार्षद प्रतिनिधि संजय जाटव, पार्षद गीता आर्य, पार्षद राशिद खान चिन्ना, पार्षद प्रतिनिधि मनीष धुरेंटे, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल ओझा, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पार्षद किरण राजेंद्र कुशवाहा, पार्षद सतपाल लोधी सहित गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

## मंदिर जाने वाले श्रद्धालु परेशान

# दिल्ली दरवाजा-पिछोर रोड पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

शहर में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से कई मार्गों पर गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। दिल्ली दरवाजा से पिछोर रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर भी नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ और गंदा पानी फैला होने के कारण लोगों को इसी में से होकर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण यह समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली दरवाजा क्षेत्र से जागेश्वरी मंदिर और जैन मंदिर जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में श्रद्धालु करते हैं। सुबह के समय मंदिर जाने वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है। सड़क पर नाली का गंदा पानी जमा होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि कई बार घर से नहाकर पूजा के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी और कीचड़ से बचते हुए मंदिर तक पहुंचना पड़ता है। पानी अधिक होने पर रास्ते से निकलना और भी मुश्किल हो जाता है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है इससे बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। पानी निकासीके प्रबंध किए जाने की मांग की गई है।

# खो-खो में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अशोकनगर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खो खो प्रतियोगिता न्यू मां कान्वेंट स्कूल खेल मैदान पर आयोजित की गई जिसमें मुंगावली ब्लॉक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की एवं अपने उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन पर अपना चयन आगामी तारीख में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया हैं।

14 वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष बालक बालिका के रूप में छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए अपना चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया है स इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, मां कान्वेंट स्कूल,विद्या कान्वेंट स्कूल बहादुरपुर, पिपरई,श्री कृष्णा स्कूल, सेंट मीरा कॉन्वेंट हाई स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदिरा प्रियदर्शनी हाई स्कूल,सहित शासकीय अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल संचालक दिनेश पाल एवं प्रिंसिपल कुसुम पाल द्वारा बच्चों का परिचय प्राप्त कर किया गया इस प्रतियोगिता को कराने में विशेष रूप से ब्लॉक कीड़ा अधिकारी सृष्टि हड्डियां, सहायक खेल अधिकारी महेंद्र सिंह जादौन खेल प्रशिक्षक जावेद खान, ऋषि तिवारी,मुबारक खान, आसिफ खान, बृजेंद्र अहिरवार, सचिन नदिया, अशोकनगर सहित विद्यालय के समस्त खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



### हिंदी भाषा में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों पर व्याख्यान

विद्यार्थियों को बताए कैरियर के विकल्प।

पिपरई। शासकीय महाविद्यालय पिपरई में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत राजभाषा पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राधा पुरवार ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने शासकीय कार्यों में हिंदी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को हिंदी को कैरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने हिंदी भाषा को अंगीकृत करने के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। वहीं डॉ. कुसुम चैधरी ने हिंदी विषय में व्याकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भाषा के शुद्ध एवं प्रभावी प्रयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजमणि यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमंत समाधिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# अभिलेख की गलती का व्यक्तिगत जिम्मेदार पटवारी क्यों, समुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्रामीण आबादी क्षेत्र के नागरिकों को उनके संपत्ति संबंधी अधिकार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026" योजना को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अशोकनगर ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर योजना में पटवारी को निष्पादक एवं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी बनाए जाने की व्यवस्था पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की है।

संघ के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी का कहना है कि स्वामित्व योजना जनहितकारी है और पटवारी इसका विरोध नहीं करते, लेकिन योजना के क्रियान्वयन में पटवारी को ऐसी भूमिका दी जा रही है, जिसमें भविष्य में उत्पन्न होने वाले विवादों और अभिलेखीय त्रुटियों का व्यक्तिगत दायित्व पटवारी पर आने की आशंका है।

### अभिलेख में गलती हुई तो जिम्मेदार कौन?

पटवारी संघ ने सबसे गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया में नाम, पिता का नाम, वारिसान, क्षेत्रफल, सीमाएं, पूर्व सर्वेक्षण अथवा अभिलेख से संबंधित किसी त्रुटि के कारण भविष्य में विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी पटवारी पर आने की स्थिति बन सकती है। संघ ने सवाल किया कि जब अधिकारों का निर्धारण और पूर्व सर्वेक्षण अलग-अलग स्तरों पर पहले ही हो चुका है तथा पटवारी स्वयं उन अधिकारों का स्वामी अथवा हस्तांतरणकर्ता नहीं है, तो उसे पंजीयन दस्तावेज का व्यक्तिगत निष्पादक बनाकर कानूनी दायित्व के दायरे में लाना किस प्रकार उचित है?

# पर्यूषण-पर्व एक अद्भुत पर्व है, यह मानवीय भावनाओं के परिष्कार या उदात्तीकरण का पर्व है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में अपने जीवन को बेहतर बनाने का जो अवसर हमें पर्यूषण के रूप प्राप्त हो रहा है, उसका आनंद कैसे लेना है इस पर चर्चा करेंगे। पर्यूषण-पर्व एक अद्भुत पर्व है। यह मानवीय भावनाओं के परिष्कार या उदात्तीकरण का पर्व है।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य व्यक्ति को तनाव के कारणों से मुक्ति दिलाना है। तनाव का कारण मनुष्य के अपने विकार हैं। इन विकारों का जन्म अधर्माचरण से होता है। अधर्म से बचते हुए धर्म का अनुपालन करने वाला जीव ही निर्विकार बन सकता है। शास्त्रों में उस धर्म को दशलक्षण रूप बताया है। हर वर्ष पर्यूषण पर्व में इन दस धर्मों पर चिन्तन-मनन चलता है। जिस प्रकार दाल-रोटी शरीर की खुराक है, उसी प्रकार भजन-चिन्तन आत्मा की खुराक है। जब हमारी दृष्टि शरीर पर जाती है, तो हमारा मन भोजन और भोग की ओर दौड़ता है तथा जब दृष्टि आत्मा की ओर जाती है, तो भजन और ध्यान के प्रति रुचि जागती है। दशलक्षण रूप धर्म के चिन्तन से आत्महित में प्रवृत्ति होती है तथा चित्त भोगाकांक्षाओं से हटकर मोक्ष-मार्ग में रमण करने लगता है। यदि धर्म का सेवन हम विषयों का विमोचन किये बिना करेंगे तो स्वाद नहीं आयेगा, शान्ति और तृप्ति नहीं मिलेगी। कम से कम धर्म को अंगीकार करने के पूर्व विषयों के प्रति रागभाव तो गौण होना चाहिये। उनके प्रति आसक्ति तो कम होना चाहिये। कहने के लिये भले ही धर्म के लक्षण दस हैं।

# संकल्प अभियान को सफल बनाने बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवा संकल्प अभियान के संबंध में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, गतिविधियों तथा जिले में अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त करते हुए कहा कि सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आपसी समन्वय, सहयोग और सहभागिता के साथ कार्य किये जाएं। बैठक में अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले सेवा कार्यों, जनजागरूकता गतिविधियों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए और प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की सहमति व्यक्त की।



### प्रभारी मंत्री ने गूगल मीट के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा

मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जुड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आशीर्वाद का दिया के तहत दीप प्रज्जवलन एवं आकर्षक रंग बिरंगी रोशनी के साथ सेवा संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ किया जाए।

## मरम्मत की मांग पर विभाग देता है स्कूल शिफ्टिंग के निर्देश, मजबूरी में पढ़ रहे बच्चे

# 5 साल पहले गिरी स्कूल भवन की छत, तब से पेड़ के नीचे लग रहीं कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लप्तौरा अंतर्गत टोरिया चक्क के शासकीय प्राथमिक विद्यालय की कक्षाएं एक बरगद के पेड़ के नीचे बने मिट्टी के चबूतरे पर लगती हैं। इस स्कूल में कुल 9 बच्चे नामांकित हैं, जिन्हे पढ़ाने के लिए हेडमास्टर सहित कुल दो शिक्षक हैं।

स्कूल भवन की छत सितंबर 2021 की एक रात में भरभराकर गिर गई थी, तब से कक्षाओं के संचालन पर संकट है। हेडमास्टर ने मरम्मत या नवीन स्कूल भवन की मांग की तो विभाग ने ढाई किलोमीटर दूर लप्तौरा में स्कूल शिफ्ट करने के निर्देश दे दिए। जिस पर पालक सहमत नहीं हुए, मजबूरी में बीते पांच वर्षों से इस स्कूल के बच्चे बरगद के पेड़ के नीचे ही टाटपट्टी बिछा कर पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षकों द्वारा बोर्ड को बरगद के पेड़ पर तारों से बांधकर लटका दिया जाता है और जब कक्षाएं पूरी हो जाती हैं तो बोर्ड को वापिस निकालकर किचिन शेड में रख दिया जाता है, जिस के जर्जर भवन में स्कूल की अन्य सामग्री भी रखी हुई है।




### हमें जानकारी दीजिए

आप हमें थोड़ा विस्तृत जानकारी दीजिए, हम पता करते हैं कि जब 5 वर्ष पूर्व भवन ध्वस्त हो गया था तो नवीन भवन की स्वीकृति क्यों नहीं दी गई।

**मधु शर्मा,** जिला शिक्षा अधिकारी, जिला अशोकनगर

### बारिश हो जाए तो निजी भवन की दालान में लगती है कक्षा

बीते साढ़े तीन माह से बारिस का मौसम है, ऐसे में बरगद के नीचे बच्चों को पढ़ाया नहीं जा सकता। इसलिए स्कूल भवन के समीप हरप्रसाद नायक के मकान की दालान में बच्चों को बारिस के दौरान पढ़ाया जाता है। इस दालान में मकान मालिक का तखत, पलंग व सोफा रखा हुआ है। सामने की दीवार पर टीवी लगी हुई है। ऐसी स्थिति में बच्चे बमुश्किल 32 वर्गफीट जगह में बैठते हैं, वहीं दो कुर्सियां डालकर षिक्षक उन्हे पढ़ाने की कोशिस करते हैं।

### जहां पढ़ रहे बच्चे, वहां दलदल, गोबर और घास से मच्छरों का प्रकोप

जिस बरगद के नीचे एवं दालान में बच्चे पढ़ते हैं, वहां चारों ओर दलदल है, घास उगी हुई है और मवेशी बंधे रहने के कारण गोबर पड़ा रहता है। ऐसे में बच्चों के चारों ओर मक्खी एवं मच्छर भिनभिनाते रहते हैं। बच्चों के षरीर पर मच्छरों के काटने पर उठने वाले चिट्टे भी थे। बच्चों का कहना था कि अब तो आदत सी हो गई है। इसलिए ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। इस विद्यालय भवन का शौचालय भी टूटा हुआ है, साबुत ढांचे के नाम पर केवल किचिन शेड है, जिसके फर्ष में कीचड़ जमा है।

### 9 बच्चों का नामांकन, पढ़ते हैं 13, वजह 4 की समग्र आईडी नहीं

29 वर्षों से संचालित यह शाला पूर्व में ईजीएस शाला थी, जिसे प्रोन्नत कर प्राथमिक विद्यालय कर दिया गया। इसमें नामांकित बच्चों की संख्या 35-40 भी रही। कुछ बच्चे पढ़कर कॉलेज भी पहुंचे हैं। वर्तमान में 9 बच्चे नामांकित हैं लेकिन पढ़ने आए बच्चे 13 थे। हेडमास्टर करोड़ीलाल अहिरवार ने बताया कि चार बच्चों की समग्र आईडी नहीं होने के कारण मैपिंग नहीं हो पाई, वह पढ़ाई में न पिछड़ें इसलिए कक्षाओं में बैठालते हैं।

### जिले में वाटर लेवल जांचने अंतराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान से किया करार

# खेतों में पहुंचा पानी, अब देखेंगे कितना बढ़ा जमीन का जल स्तर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की दशा और दिशा में आमूलचूल बदलाव लाने वाले मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना सिंचाई के क्षेत्र में पूरे विश्व के लिए बानगी बन चुकी है।

परियोजना के प्रेशराईज्ड इरीगेशन सिस्टम (दाबयुक्त सिंचाई प्रणाली) से पानी की एक-एक बूंद का बचाव करते हुए आधिकाधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो पाई है। अपने तय लक्ष्य से कहीं अधिक क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ाने वाली इन परियोजना का दायरा सिर्फ खेतों तक पहुंचाने का ही नहीं रहा है बल्कि जिले के भू-जल स्तर में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। पहले ट्यूबवेल खनन के दौरान काफी खुदाई करने के बाद भी पानी की बूंद नजर नहीं आती थी। वहीं अब थोड़ी खुदाई के बाद भी जमीन से पानी की धारा बहते नजर आने लगी है। इस बात की पुष्टि परियोजना प्रबंधन द्वारा चलाए गए 100 दिन 100 गांव की यात्रा में भी हुई है। कई ग्रामों के ग्रामीणजनों ने स्वीकार किया जल स्तर काफी बढ़ा है।

#### आईडब्ल्यूएमआई के साथ किया करार

वाटर लेवल में हुई बढ़ोतरी और बदलाव को मापने परियोजना प्रबंधन ने विश्व की उत्कृट जल संस्थाओं में से एक अंतराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान (आईडब्ल्यूएमआई) के साथ अध्ययन करार किया है। यह संस्थान आगामी 01 वर्ष तक यह अध्ययन करेगा की मोहनपुरा एवं कुंडालिया बांधों और भूमिगत दबावयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली से कुओं, तालाबों के भूजल स्तर में क्या और कितना असर पड़ा है, साथ ही किसानों के जीवन में क्या बदलाव आए हैं।

#### संस्थान ने शुरू किया अध्ययन

इस अध्ययन की शुरूआत गत दिवस इन्सेप्शन मीटिंग और फील्ड विजट के साथ की गई। संस्थान के दल को किसानों ने बताया कि पहले खेती केवल तीन महीने होती थी और बाकी समय मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब दोनों सीजन(रबी एवं खरीफ) में फसल ले रहे हैं। पानी समय पर और भरोसे के साथ खेतों में पहुंच रहा है। किसानों ने संस्था सदस्यों को बताया कि रबी सीजन में गेहूं एवं खरीफ में सोयाबनी की पैदावार अपेक्षा से कहीं अधिक बढ़ी है और कुछ किसान तो तीसरी फसल भी लेने लगे हैं।

#### दल में ये सदस्य हैं शामिल

जिले के भूजल स्तर को वैज्ञानिक रूप से परख रहे आईडब्ल्यूएमआई के डॉ. आलोक सिन्हा, गोपाल कुमार, पल्लवी, ध्येय, फैज के अनुसार बड़ी परियोजनाएं उनके पूर्ण होने से नहीं बल्कि उनके नतीजों और वैज्ञानिक प्रमाणीकरण से जान जाती हैं।

### पटवारी संघ के बैनर तले सीएम के नाम सौंपा गया ज्ञापन

# स्वामित्व योजना से पटवारियों को पृथक रखने उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन की महती स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पजीयन योजना के कार्यों से जिले के पटवारियों को अलग रखने की मांग की गई है। इस संबंध में मप्र पटवारी संघ की राजगढ़ जिला ईकाई के अनेकों पटवारियों ने मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में पटवारियों को उक्त योजना से पूरी तरह पृथक रखने की इच्छा जाहिर की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया पटवारीजन स्वामित्व योजना अथवा ग्रामीण नागरिकों के अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन करने के उद्धेश्य के विरुद्ध नहीं हैं बल्कि इस योजना के क्रियान्वयन, ईकेवायसी एवं उससे संबंधित अन्य व्यक्तिगत दायित्व वाले कार्यों से पटवारियों को पूर्णतः पृथक रखा जाए। पटवारी संघ ने उक्त कार्य से पृथक क्यों रखा जाए, इसके कारणों का उल्लेख भी अपने ज्ञापन में विस्तार से किया है।

#### प्रदेश स्तर पर कलमबंद हड़ताल की चेतावनी

पटवारियों ने यह मांग भी रखी कि अधिकांश किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी हैं लेकिन जो शेष हैं उनके न बनने के पीछे तकनीकी व अन्य जटिल कारण हैं। ऐसे में पटवारियों पर प्रशासन द्वारा कार्यवाहियां करना उचित नहीं है। इसके साथ ही अन्य मांगे भी पटवारियों द्वारा शासन, प्रशासन के सम्मुख रखी गईं। शासन को यह चेतावनी भी दी गई है कि जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएं अन्यथा आगामी दिनों में प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।



### महिला की जान बचाने पुलिसकर्मी ने किया रक्तदान

**राजगढ़।** जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला को रक्त की आवश्यकता होने पर वर्दी ने अपना फर्ज निभाया। संबंधित महिला के परिजनों द्वारा काफी प्रयास के बाद भी जब ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पाई तो कोतवाली थाने में पदस्थ निरीक्षक राकेश दामले को जानकारी मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे और एक यूनिट रक्तदान किया।

## हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने आयोजित की काव्य गोष्ठी



**सारंगपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद सारंगपुर के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यिक कार्यक्रम एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महादेव मित्र मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमशंकर पांडे तथा विशेष अतिथि हास्य कवि जय हिंद दुबे 'काका' रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि प्रेमशंकर पांडे ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ साहित्य और संस्कृति की पहचान है। संस्कृत से निकली हिंदी समृद्ध और अद्भुत भाषा है। तुलसीदास, मीराबाई, रसखान, कबीर, रहीम, पंत, निराला और प्रसाद जैसे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। काव्य गोष्ठी में आशु कवि राकेश पांडे, लक्ष्मीनारायण त्रिकार और वरिष्ठ गीतकार मुरलीधर सोनी 'पथिक' ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। हास्य कवि जय हिंद दुबे 'काका' ने हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वरिष्ठ व्यंग्यकार जुगलकिशोर दुबे ने भी व्यंग्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन गीतकार सुशील व्यास 'सारंग' ने किया। प्रमोद जोशी ने भजन प्रस्तुत किया। अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## चोरों के हौसले बुलंद, भजन संध्या के दौरान गणेशजी का मुकुट तक ले उड़े चोर

**लखनवास।** क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात्रि को भजन संध्या के दौरान ही चोर भगवान गणेश को लगे चांदी के मुकुट को चुरा ले गए। मामला करीब रात करीब 8.30 बजे चोरों ने गणेश मंदिर को निशाना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि मंदिर के पास ही कुछ महिलाएं भजन कर रही थीं। इसी दौरान दो अंजान लोगों को मंदिर की दीवार कूदकर भागते हुए देखा गया। शंका होने पर महिलाओं ने पास जाकर देखा तो भगवान गणेश के सिर पर लगा चांदी का मुकुट गायब था। जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लखनवास पुलिस चैकी को थाने में क्रमोन्नत किया जाए और पुलिस बल के साथ-साथ रात्रि गश्त बढ़ाई जाए।

#### इनका कहना है...

हमने पूरी तरह से क्षेत्र की चोरियों को संज्ञान में ले लिया है जांच जारी है। जल्द ही कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**रजनीश सिरोठिया**, थाना प्रभारी पुलिस थाना मालावर

### जले हुए तेल, बासी सब्जी एवं खराब गोभी का कराया गया विनष्टीकरण

# प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिए खाद्य पदार्थों के नमूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री द्वारा राजगढ़ शहर के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। होटल श्रीलीला पैलेस, राजगढ़ से टोमाटो ग्रेवी एवं पनीर के नमूने जांच के लिए गए। निरीक्षण के दौरान लगभग 3 किलोग्राम जला हुआ सोयाबीन तेल तथा बासी रखी हुई तुवर दाल की सब्जी का विनष्टीकरण कराया गया। इसी प्रकार होटल शुभम मिडवे ट्रीट से ग्रेवी एवं पनीर के नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही खराब पाई गई गोभी का भी विनष्टीकरण कराया गया। समायरा रेस्टोरेंट, होटल संस्कृति पैलेस परिसर, राजगढ़ से पनीर मसाला एवं स्टीम राइस के नमूने लिए गए।

#### राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे सैंपल

खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गए सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रखी जाएगी।

### कलेक्टर के आश्वासन के बाद खत्म हुई हड़ताल

## बैलगाड़ियों के साथ किसानों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

फसल मुआवजे एवं दूध के दाम बढ़ाने को लेकर विगत पांच दिनों से किसान संघ के नेतृत्व में चल रही बेमियादी हड़ताल कलेक्टर के आश्वासन पर समाप्त हो गई। इसके पूर्व अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों द्वारा बैलगाड़ियों से नगर में एक रैली निकाली गई।

रैली में सैकड़ों की संख्या में कृषकजन शामिल हुए जो नारेबाजी करते हुए साथ चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई यह रैली बाईपास क्षेत्र, नाका नंबर-3, मेन मार्केट, गणेश चौराहा, तुल्ली चौक, किला क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। कलेक्ट्रेट पहुंच मार्ग पर पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने बेरीकेट्स लगाकर रैली को रुकवा दिया। बाद में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी स्वयं कृषकजनों तक पहुंचे। यहां संघ पदाधिकारियों ने अपनी मांगों से अधिकारीद्वय को अवगत कराया। बाद में कलेक्टर ने जिला प्रशासन स्तर से हल होने वाली मांगों के संबंध में आश्वासन दिया एवं अन्य मांगे शासन स्तर तक पहुंचाने की बात कही। इसके बाद किसान संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त की।

## बाउंड्रीवाल को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय संकट मोचन कॉलोनी क्षेत्र में बन रही बाउंड्रीवाल के संबंध में दो पक्षों में चला आ रहा विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार संकट मोचन कॉलोनी क्षेत्र में प्रजापति समाज की बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है। उक्त वाल के संबंध में मेवाड़े समाज और प्रजापति समाज के लोगों में टकराव हो गया और विवाद के बाद बात मारपीट तक जा पहुंची। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस ने पहले घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया एवं बाद में दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए यथोचित कार्यवाही की।

## प्राइवेट स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध करा रहे अशासकीय विद्यालयों की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि लंबे समय से लंबित होने से स्कूल संचालकों की आर्थिक मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। करीब तीन वर्षों से भुगतान अटका होने का आरोप लगाते हुए अशासकीय विद्यालय संगठन तहसील सारंगपुर ने नाराजगी जताई।

संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपकर लंबित राशि जारी कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शासन के प्रावधान के अनुसार इन विद्यार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि विद्यालयों को दी जानी है, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने से स्कूलों की आर्थिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। संगठन के अनुसार विशेष रूप से शैक्षणिक सत्र 2024-25 और 2025-26 की राशि लंबित है। विद्यालय संचालकों का कहना है कि शिक्षकों व कर्मचारियों के



वेतन, भवन किराया, बिजली, परिवहन और शिक्षण सामग्री सहित नियमित खर्च लगातार जारी रहते हैं। ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि अटकने से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संगठन ने कहा कि आरटीई विद्यार्थियों की शिक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी स्कूल निभा रहे हैं, लेकिन शासन से भुगतान के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ रहा है। राशि शीघ्र जारी नहीं होने पर स्कूल संचालन प्रभावित होने की आशंका जताई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेशचंद जोशी, मोहन विश्वकर्मा, मनोज मालवीय, विकास सिसोदिया, मुकेश राजपूत, आयुष चैहान सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक मौजूद रहे।

## सवर्ण आक्रोश आंदोलन को लेकर बैठक संपन्न



**कुरावर।** 20 सितंबर को राजगढ़ में आयोजित होने वाले सवर्ण आक्रोश आंदोलन को लेकर सोमवार को मार्केटिंग सोसाइटी परिसर में सवर्ण समाज कुरावर ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाजन, वैश्य, ब्राह्मण, कायस्थ एवं राजपूत समाज सहित विभिन्न संगठनों के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं समाजबंधु शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कुरावर क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में समाजजन राजगढ़ पहुंचकर आंदोलन में सहभागिता करेंगे। वहीं मेडिकल स्टोर, क्लिनिक एवं अस्पताल जैसे ऐसे प्रतिष्ठान जिन्हें विशेष कारणों से बंद करना संभव नहीं है, उनसे जुड़े समाजबंधु आर्थिक सहयोग के माध्यम से आंदोलन में योगदान देंगे। आंदोलन को मजबूती देने के लिए झंडे, डंडे, बैनर, पोस्टर एवं वाहनों सहित आवश्यक व्यवस्थाओं में हरसंभव सहयोग करने पर भी सहमति बनी। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने आंदोलन को भव्य एवं प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक के बाद सवर्ण समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों को आंदोलन में शामिल होने के लिए पीले चावल भेंट कर आमंत्रित किया गया। भारत माता की जय और सवर्ण एकता जिंदाबाद के जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

### विधायक ने की 23 लाख के हॉल निर्माण की घोषणा

# गणेश चतुर्थी पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

गणेश चतुर्थी के अवसर पर मध्यभारत प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, खुजनेर परिसर में विकसित की जा रही माँ महागौरा श्री नारायण वाटिका में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान, सह-समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र बघेल, विभाग कार्यवाह धमेन्द्र शर्मा, जिला संघचालक प्रेमनारायण दांगी एवं राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नगर परिषद खुजनेर उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह केदार सहित पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, माधव शिक्षण समिति एवं माँ महागौरा श्री नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

कार्यक्रम दौरान राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, खुजनेर में 23 लाख की लागत से हॉल निर्माण की घोषणा की गई। विधायक की इस घोषणा का उपस्थित जनसमुदाय ने स्वागत किया। हॉल के निर्माण से विद्यालय में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

#### कर्मचारियों के सहयोग से एक लाख के पौधे क्रय किए

माँ महागौरा श्री नारायण वाटिका को हरित एवं सुंदर स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष-पौधों का रोपण किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए संकुल केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंतर्गत कार्यरत समस्त कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से दिए गए आर्थिक सहयोग से 1,00,000 मूल्य के वृक्ष-पौधे क्रय किए गए। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन माधव शिक्षण समिति, खुजनेर एवं माँ महागौरा श्री नारायण सेवा समिति, खुजनेर के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

### गणेश उत्सव को लेकर बच्चों में उत्साह

## धूमधाम से किया गोकुलधाम के राजा गणेश का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आधुनिक युग में अक्सर देखने में आता है कि अधिकांश नौनिहाल भारतीय संस्कृति, अपने संस्कार और धार्मिक परंपराओं से परे आधुनिक युग की चकाचौंध में मोबाइल की ओर बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन मोबाइल से भी बच्चे चाहें तो एक नवीनता भरे जीवन को पा सकते हैं। हालांकि भारतीय संस्कृति, संस्कार और धार्मिक परम्पराओं का अपना अलग ही स्थान है, जो हमें हमारे धार्मिक उत्सवों से मिलते हैं, उस और गोकुलधाम कालोनी के बच्चे गणेश उत्सव मनाकर कर रहे हैं। नगर स्थित गोकुलधाम कॉलोनी के बच्चों ने एक नई मिसाल पेश करते हुए द्वितीय वर्ष में गोकुलधाम के राजा की स्थापना की। इस वर्ष विशेष रूप से जो झांकी तैयार की गई है, उसमें



आकर्षक श्रृंगार किया गया है। बच्चों ने बताया कि प्रारंभ से लेकर अंतिम दिवस तक की समस्त व्यवस्थाएं हम ही संचालित करेंगे। गणेश उत्सव के दौरान समस्त नियमों का पूर्णतः पालन किया जाता है, जिससे बच्चे संस्कार, संस्कृति और अनुशासन की प्रेरणा लेते हैं। बच्चे मोबाइल और अपने खेल की गतिविधियों का समय कम करके गणपति की सेवा में अपना समय देंगे।